# राष्ट्रीय युवा दिवस

जनता कॉलेज,बकेवर, इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के शुभ अवसर पर "राष्ट्रीय युवा दिवस" मनाया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत डॉ एमपी सिंह ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय पर अपने विचारों का साझा किया ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री श्री विक्रांत ने स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर अपने विचारों प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 1893 में अमेरिका के शिकागो में धर्म संसद में जब स्वामी जी ने अपने संबोधन में सबसे पहले अमेरिकी भाइयों एवं बहनों को संबोधित किया तो सभी लोग खड़े होकर उनका अभिवादन करने लगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि तरुण जी ने बताया कि 12 जनवरी 1863 में नरेंद्र जी का जन्म कोलकाता में हुआ। उनके धार्मिक गुरु रामकृष्ण परमहंस थे उनके बचपन से धर्म संसद तक के सफर के बारे में विचार व्यक्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को परिभाषित करते हुए छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ डी जे मिश्रा ने किया। इस मौके पर कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एम पी यादव डॉक्टर पीके राजपूत डॉक्टर संजय विश्वकर्मा डॉ संजीव कुमार डॉ आदित्य कुमार , डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ सत्यार्थ मौर्या, डॉ गोपीनाथ मौर्य, डॉ एमपी सिंह, डॉ ललित गुप्ता, डॉ नवीन अवस्थी, डॉ प्रकाश दुबे आदि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।









# स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लें युवा

## स्कूलों, कॉलेजों और संस्थाओं में अर्पित किए गए पुष्प, गोष्ठियां भी हुईं

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटावा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती गुरुवार को जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रतिमा और चित्रों पर पुष्प अर्पित कर युवाओं को

स्वामी जी के बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। गोष्ठियों में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश भी डाला गया।

युवा समिति के समिति के अध्यक्ष निशांत तिवारी ने कहा युवा राष्ट्र एवं समाज का प्राण होते हैं। राष्ट्र के निर्माण में सबसे अहम योगदान युवकों का ही होता है। शिक्षक नेता पंकज चौहान ने कहा स्वामी जी युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे हैं। समिति की ओर से ऋषि तिवारी, शशांक यादव, प्रशांत मिश्र, अंकुर गुप्त, आलोक दीक्षित, शिवा ठाकुर, आदर्श पांडे, रोहित सिंह, कनिष्क राजपूत, राहुल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

कटरा शमशेर खां स्थित ज्ञान स्थली स्कूल में प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के ही नहीं, बल्कि विश्व भर के गुरु थे। संचालन प्रवक्ता शिवशंकर ने



विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते निदेशक। संवाद

किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रामलीला मैदान में शिवाजी शाखा पर जयंती मनाई। नगर कार्यवाह सर्वजीत सिंह भदौरिया ने विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सुनील, अजय, आशीष, प्रदीप बोहरे, दीपेश तिवारी, चंद्रप्रकाश चौहान, डॉ. राजेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

भारत विकास परिषद इटावा तुलसी ने भी कार्यक्रम किया। सचिव नीलिमा चौधरी, प्रधानाचार्य राजेश सिंह, तुलसी अध्यक्ष अंजू चौधरी, शमीम बेगम, मंजू सिंह, सुशीला राजावत, अरुण कुमार, सलिल सिंह, यादवेंद्र कुमार, करण सिंह आदि उपस्थित रहे।

संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में निदेशक डॉ. आनंद ने कहा कि विवेकानंद गुरु और बड़ों को सम्मान देते थे। पुष्पेंद्र सेंगर, डॉ. हेरॉल्ड, मनोज यादव, नवेंदु त्रिपाठी, गोविंद सिंह, आकांक्षा चौहान, केशव आनंद उपस्थित रहे।

नारायण कॉलेज में समारंभा फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय, विद्यालय की निदेशिका डॉ. श्वेता तिवारी ने बच्चों को गीता पढ़ने, समझने व उसी को अपने जीवन की दिशा बनाने की सलाह दी। डायट प्राचार्य एसपी यादव, पूर्व प्राचार्य डॉ.विद्याकांत तिवारी, गोविंद माधव शुक्ला, प्रबंधक इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी, प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

जिला विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पक्का तालाब चौराहे पर स्वामीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अध्यक्ष अशोक कुमार जाटव, मंत्री संतोष कुमार त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, उपमंत्री जयप्रकाश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

बकेवर संवाद के अनुसार जनता कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर की ओर से जयंती मनाई गई। डॉ एमपी सिंह, प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी, विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री विक्रांत, डॉ मनोज यादव, डॉ डीजे मिश्रा मौजूद रहे।

ताखा संवाद के अनुसार युवक मंगल दल समथर के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ताखा धीरज यादव ने अहिवरनपुरा में स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मंगल दल के ब्लॉक अध्यक्ष अंकेश तिवारी, विकल तिवारी, रामू तिवारी, आलोक तिवारी, प्रशांत आदि मौजूद रहे।

सैफई संवाद के अनुसार ग्राम पंचायत बनामई में भाजपा नेता अजय यादव ने 50 लोगों को कंबल बांटे। राजीव यादव, रमेश यादव, महावीर जोशी, बबलू गौतम, संजय यादव, अंकित यादव आदि मौजूद रहे।

भरथना संवाद के अनुसार शुक्लागंज स्थित ज्ञान स्थली एकेडमी में ग्रुप के चैयरमेन पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव ने स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मनोज सिंह सेंगर, उपप्रधानाचार्य नीतू सेंगर, असित, अवनीश, प्रीती, रमा और नित्या आदि उपस्थित रहीं।



स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया। संवाद

## सांसद को बताई बिजली कटौती की समस्या

**उदी।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया ने बढ़पुरा ब्लॉक परिसर में चौपाल लगाई। इसमें बिजली कटौती और राशनकार्ड न बनने की समस्या उठी। ग्रामीणों ने कहा कि दो से तीन घंटे ही बिजली मिल रही है। सांसद ने 300 लोगों को कंबल बांटे।

चौपाल की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। संसाद और अधिकारियों ने पुष्प अर्पित किए। कई किसानों ने राशन कार्ड न बनने और बुजुर्ग, दिव्यांग पेंशन भी न बनने की शिकायत की। सांसद शिकायतों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाने वाले प्रथम व्यक्ति विवेकानंद जी ही थे। उन्होंने उपस्थित जन समूह के साथ खास कर युवा वर्ग के लोगों को स्वामी जी के बताए गए मार्गों का अनुसरण करने की सलाह दी।

इस दौरान पीडब्ल्यूडी, बिजली, खाद्य, सिंचाई, मनरेगा, पुलिस, जिला पंचायती राज विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, एसडीएम विक्रम राघव, तहसलीदार राजकुमार, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, ब्लॉक प्रमुख डेरापुर मोहित दुबे, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, विमल भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा आदि मौजूद रहे।